# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — पंचम् (बजट) सत्र

संख्या-15 — सोमवार, दिनांक-22 मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 03.31 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

**1.प्रश्नकाल:-**

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-13

(क) उत्तरित कुल-04, अ० सू०-क-169, श्री सरयू राय, स०वि०स०,
अ० सू०-264, श्री विनोद कुमार सिंह, स०वि०स०,

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री मथुरा प्रसाद महतो ने आसन से अनुरोध किया कि माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम अपनी माँगों को लेकर सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं। आसन द्वारा इसे संज्ञान में लेते हुए माननीय मंत्री, श्री बादल एवं माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण को निदेश दिया गया कि वे माननीय सदस्य को ससम्मान सदन में ले आयें। इसके उपरांत माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम को सदन में लाया गया तत्पश्चात् उन्होंने अपनी माँगों की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

अ० सू०-265, डॉ०कुशवाहा शशिभूषण मेहता, स०वि०स०,
अ० सू०-266, श्री सरयू राय, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल-09, अ० सू०-267 से अ० सू०-275 तक।

(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-15

(क) उत्तरित कुल-05, तारां०-क-449-मनि.1, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, स०वि०स०,
तारां०-ख-451-का-21, श्री दुलू महतो, स०वि०स०,
तारां०-ग-452-ग-58, श्री चमरा लिण्डा, स०वि०स०,
तारां०-घ-453-म-1, श्री चमरा लिण्डा, स०वि०स०,
तारां०-709, श्री जय प्रकाश भाई पटेल, स०वि०स०।

(तारांकित प्रश्न संख्या-709 को अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति में आसन द्वारा सुपूर्द किया गया।)

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री नवीन जायसवाल ने 31 टाउन प्लानरों में से 26 बाहरी व्यक्तियों की नियुक्ति किये जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए जाँच की माँग की।

(ख) अनागत कुल-10, तारां०-710 से लेकर तारां०-719 तक।

<u>2.शून्यकाल की सूचनायें:-</u>

आज के लिए स्वीकृत निम्नांकित शून्यकाल की सूचनायें माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी-

श्री कोचे मुण्डा,
श्री उमाशंकर अकेला,
श्री समरी लाल,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री राज सिन्हा,
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह,
श्री बिरंची नारायण,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री इरफान अंसारी,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री राजेश कच्छप,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्रीमती ममता देवी,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री नारायण दास,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री दुलू महतो,
श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में आयोजित होनेवाले रामनवमी के जुलूस पर प्रशासन द्वारा रोक लगाये जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए अनुरोध किया कि कोरोना गाईडलाईन का पालन करते हुए पुरी एवं कुम्भ मेले की तरह जुलूस पर रोक हटायी जाय। माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने अखबार में प्रकाशित 11 गैर-अनुसूचित जिलों में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति में आयी अड़चन की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

<u>3.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-</u>

माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

इस अवसर पर पक्ष-विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य उक्त विषय पर विशेष समिति का गठन किये जाने की माँग को लेकर सदन की वेल में आ गये जिससे अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया। अतएव सदन की कार्यवाही 12.30 बजे अप० से लेकर 12.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

ह० ह० 30 —

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 4.सभा मेज पर प्रतिवेदन का रखा जाना:-

आसन से पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री (वित्त विभाग), डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा "भारत के संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का वित्तीय वर्ष-2019-20 का वित्त लेखे भाग- i, ii एवं विनियोग लेखे का प्रतिवेदन जिसे विधान सभा के समक्ष रखने हेतु भारत सरकार के नियंत्रक महालेखा परीक्षक ने माननीय राज्यपाल महोदया के पास भेजा है, को सदन पटल पर रखा गया। झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-238 के उपबंध के अनुसार लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन यथा समय सदन में उपस्थापित किया जायेगा। विधान सभा के समक्ष रखे जाने के पश्चात् और उन पर लोक लेखा समिति द्वारा परिनिरीक्षण किये जाने के पूर्व यह जनता में बिक्री के लिए प्राप्त हो", पर ध्वनिमत से सभा की सहमति हुई।

## 5.आसन से सूचना:-

आसन से सदन को निम्न सूचनायें दी गयी-

i- दिनांक-23.03.2021 को सत्र समाप्ति के तुरत बाद विधान सभा के टी. वी. चैनल का उद्‌घाटन होगा जिसमें सभी माननीय सदस्य आमंत्रित हैं,

ii- आज दिनांक-22.03.2021 को सत्र समाप्ति के बाद माननीय सदस्य एकादश एवं मीडिया एकादश के बीच खेलगाँव स्थित स्टेडियम में क्रिकेट मैच होगा जिसमें सभी माननीय सदस्य सहित दर्शकगण आमंत्रित हैं।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 6.विधायी कार्य:-

### i- झारखण्ड माल और सेवा कर(संशोधन) विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात

**झारखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2021**

सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

क्र० क्र०-30-

## ii- झारखण्ड हरित ऊर्जा उपकरण विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री, ऊर्जा, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 से खण्ड-24, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् **झारखण्ड हरित ऊर्जा उपकरण विधेयक, 2021** सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा प्रस्तुत प्रवर समिति में सौंपने का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री सरयू राय एवं माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने इसे धन विधेयक बताते हुए इसपर माननीय राज्यपाल की सहमति लिये जाने की आवश्यकता बताई।

## iii- सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन)(झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 से खण्ड-09, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् **सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2021** सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो द्वारा प्रस्तुत संशोधन के प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।

क्र० पृ० उ० —

7.आसन से घोषणा:-

अन्तराल के पूर्व आज दिनांक-22.03.2021 को सत्र समाप्ति के बाद खेलगाँव स्थित स्टेडियम में खेले जानेवाले क्रिकेट मैच हेतु टीम की घोषणा आसन से निम्नवत् की गयी-

| अध्यक्ष एकादश क्रिकेट टीम | विधान सभा एकादश क्रिकेट टीम |
|---|---|
| श्री रवीन्द्रनाथ महतो, माननीय अध्यक्ष, कप्तान | श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मुख्यमंत्री, कप्तान |
| श्री आनन्द मोहन, संयोजक, प्रेस सलाहकार समिति, उप कप्तान | श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० |
| श्री सतीश कुमार | श्री अमर कुमार बाउरी, स०वि०स० |
| श्री जावेद अख्तर, | श्री बन्ना गुप्ता, मंत्री |
| श्री फिरोज जिलानी, | श्री विकास कुमार मुण्डा, स०वि०स० |
| श्री रूपेश, | श्री इरफान अंसारी, स०वि०स० |
| श्री विपिन उपाध्याय, | श्री रणधीर कुमार सिंह, स०वि०स० |
| श्री सत्यजीत, | श्री अमित कुमार मण्डल, स०वि०स० |
| श्री अशोक गोप, | श्री कुमार जयमंगल, स०वि०स० |
| श्री आनन्द मिश्रा, | श्री नवीन जायसवाल, स०वि०स० |
| श्री अविनाश, | श्री आलोक कुमार चौरसिया, स०वि०स० |
| श्री दिवाकर कुमार, | श्री राजेश कच्छप, स०वि०स० |
| श्री अभिषेक कुमार, | श्री ढुलू महतो, स०वि०स० |
| श्री नवीन, | श्री अमित कुमार यादव, स०वि०स० |
| श्री ज्ञान रंजन, | श्री बिरंची नारायण, स०वि०स० |
| श्री एस०एम० खुर्शीद, | श्री बादल, मंत्री |
| श्री बिनोद ओझा, श्री चंचल भट्टाचार्य, श्री गुलाम मुहम्मद सरफराज एवं श्री विनय कुमार। | ------------------------------ |

क्र० स० 30 —

## 8.विशेष वाद-विवाद:-

माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह एवं श्री प्रदीप यादव से प्राप्त सूचना के आलोक में कृषि बिल एवं महँगाई पर विशेष वाद-विवाद हेतु समय आवंटन की घोषणा आसन से की गयी तत्पश्चात् पुकारे जाने पर माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया।

(इस अवसर पर विरोधस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के सम्पूर्ण माननीय सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये।)

इसके उपरांत माननीय सदस्य, श्री सुदिव्य कुमार ने भी अपना विचार रखा।

## 9.निवेदन:-

सत्रावधि के दौरान अब तक प्राप्त कुल-121 निवेदनों को सम्बन्धित विभागों में लिखित उत्तर के लिए भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा शोरगुल किया जाता रहा, अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-23.03.2021 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 22 मार्च, 2021ई०।